प्रेस विज्ञप्ति

मर्चेंट्स चेम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा "जी.एस.टी. कार्यशाला" का सफल आयोजन

कानपुर, 21 अगस्त, 2025: मर्चेंट्स चेम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश की जी.एस.टी. समिति द्वारा आज एक विशेष "जी.एस.टी. कार्यशाला" का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री सैमुएल पॉल, एन.आई.ए.एस., अपर आयुक्त (ग्रेड-1), जोन-1 तथा श्री आर. एस. विद्यार्थी, अपर आयुक्त (ग्रेड-1), जोन-2 रहे। साथ ही, राज्य कर विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी सत्र में सहभागी रहे | कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए किया गया।

पूर्व अध्यक्ष मुकुल टंडन द्वारा आये हुए सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया |

टैक्स गोष्टी को मुख्य अतिथि श्री सैमुएल पॉल, एन.आई.ए.एस., अपर आयुक्त (ग्रेड-1), जोन-1, कानपुर ने संबोधित करते हुए कहा की जीएसटी एक अच्छी एवं पारदर्शी कार्य प्रणाली है | हम कर दाताओं पे भरोसा करते है, किन्तु व्यापारियों को भी नियमों का पालन करते हुए सभी औपचारिकताएं करनी चाहिए | सही राजस्व का भुगतान करना सुनिश्चित करना होगा यदि कर चोरी के प्रकरण हमारी विशेष अनुसंधान के जानकारी में आती है तो हम राजस्व के हित में छापे की कार्यवाही अवश्य करेंगे | प्रधानमंत्री जी ने जीएसटी को सरलीकरण करने, कर को कम करने की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी है, जल्द ही जीएसटी के भी अच्छे दिन आने वाले है |

टैक्स गोष्टी के विशिष्ट अतिथि श्री आर. एस. विद्यार्थी, अपर आयुक्त (ग्रेड-1), जोन-2, कानपुर ने यह आश्वासन दिया की कारोबारी किसी भी समस्या के लिए कार्यालावधि में मुलाकात कर सकते है | हम उनकी समस्याओं का समाधान करने की कोशिश करेंगे |

तकनीकी सत्र में डिप्टी कमिश्नर गरिमा मालवीया ने कारोबारियों को औपचारिकताओं का पालन करने एवं अपनी ईमेल तथा जीएसटी पोर्टल को जिम्मेदार व्यक्ति को अवश्य देखना चाहिए तभी अनुपालन कर सकेगा | सभी नोटिस एवं आदेश विभाग ने पोर्टल पे जारी कर रहा है | द्वितीय वक्ता डिप्टी कमिश्नर अभिषेक चतुर्वेदी ने यह अवगत कराया की छापे के पूर्व विभाग टैक्स चोरी की सभी सूचनाएं संकलित करता है, फर्जी एवं बोगस फर्मों की रेकी की जाती है उसके बाद छापे की कार्यवाही की जाती है | तृतीया एवं चतुर्थ वक्ता शैलेंद्र कुमार एवं राम सिंह, असिस्टेंट कमिश्नर ने पंजीकरण के बारे अपने व्याख्यान प्रस्तुत किये |

गोष्टी की विषय वास्तु एवं जीएसटी से उत्पन्न समस्याओं को सीए धर्मेंद्र श्रीवास्तव द्वारा प्रस्तुत किया गया | सञ्चालन अधिवक्ता संतोष कुमार गुप्ता द्वारा किया गया |

शंका समाधान सत्र में गुलशन धूपर, मनीष कटारिया, टीकम चंद सेठिया, पंकज श्रीवास्तव एवं अन्य चार्टर्ड एकाउंटेंट्स, अधिवक्ताओं ने अपने प्रश्न किये | विभागीय अधिकारियों द्वारा इन प्रश्नों का समाधान किया गया |

अंत में अधिवक्ता आशीष बंसल ने उपस्थित अतिथियों, वक्ताओं और सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया।

इस अवसर पर शेष नारायण त्रिवेदी, राहुल चंद्रा, प्रदीप द्विवेदी, एस.पी. सिंह, अवनीश मिश्रा, शिशिर शुक्ला, हरिओम गुप्ता, पंकज श्रीवास्तव सहित चैम्बर के अनेक गणमान्य सदस्य, शहर के प्रतिष्ठित उद्योगपति, अधिवक्ता, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एवं अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे।

आपसे अनुरोध है कि उक्त को अपने समाचार पत्र में प्रमुखता से प्रकाशित करें|